**भारत सरकार**
**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय**
**(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3783**
**(दिनांक 18.12.2024 को उत्तर के लिए)**

**सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान**

3783. **एडवोकेट चन्द्र शेखरः**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) के अधिकारियों और कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या का समूहवार और पदवार ब्यौरा क्या है;

(ख) आईएसटीएम के अधिकारियों और कर्मचारियों के पद का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा आईएसटीएम के लिए किए गए बजटीय आबंटन और उपयोग का वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या उक्त अवधि के दौरान आईएसटीएम ने आबंटित बजट का कम उपयोग किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ.जितेन्द्र सिंह)**

**(क) एवं (ख):** ब्यौरा संलग्नक-क के अनुसार है।

**(ग):** जानकारी संलग्नक-ख के अनुसार है।

**(घ):** आबंटन विवरण की तुलना में व्यय कम रहा है जिसका मुख्य कारण प्रशिक्षणों की कम संख्या, कोविड अवधि के दौरान महंगाई भत्ते पर रोक तथा 2019-2022 के दौरान कोविड-19 के प्रकोप के कारण संस्थान में कम गतिविधियां हैं, जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित प्रशिक्षण, सिविल निर्माण कार्य स्थगित हो गए तथा प्रशिक्षण आदि के लिए ऑनलाइन तरीकों का सहारा लेना पड़ा।

******

**संलग्नक-क**

**सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम), के अधिकारियों और कर्मचारियों की समूहवार और पदवार स्वीकृत संख्या निम्नानुसार है:**

<table>
<tr><th colspan="6">समूहवार और पदवार स्वीकृत संख्या</th></tr>
<tr><td rowspan="2">कार्मिक शक्ति</td><td rowspan="2">समूह-क</td><td colspan="2">समूह-ख</td><td rowspan="2">समूह-ग</td><td rowspan="2">कुल</td></tr>
<tr><td>राजपत्रित</td><td>अराजपत्रित</td></tr>
<tr><td>स्वीकृत पद संख्या</td><td>22<br>• निदेशक-1<br>• अपर निदेशक-1<br>• संयुक्त निदेशक-4<br>• उप निदेशक-14<br>• उप निदेशक (राज भाषा)-1<br>• सहायक निदेशक (राज भाषा)-1</td><td>18<br>• अनुभाग अधिकारी-7<br>• सहायक निदेशक-8<br>• निजी सचिव-2<br>• पुस्तकालय सहायक एवं सूचना अधिकारी -1</td><td>12<br>• सहायक अनुभाग अधिकारी - 4<br>• वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी-1<br>• कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी-1<br>• आशुलिपिक ग्रेड-सी -4<br>• ड्राफ्ट्समैन-1<br>• प्रशिक्षण एसोसिएट-1</td><td>43<br>• आशुलिपिक ग्रेड-डी- 9<br>• वरिष्ठ सचिवालय सहायक-1<br>• कनिष्ठ सचिवालय सहायक-1<br>• पुस्तकालय सहायक-1<br>• प्रशिक्षण उपकरण ओपरेटर-1<br>• स्टाफ कार चालक-3<br>• मल्टी टास्किंग स्टाफ-27</td><td>95</td></tr>
</table>

**दिनांक 13.12.2024 तक आईएसटीएम में अधिकारियों और कर्मचारियों की स्थिति का विवरण निम्नानुसार है:-**

| | स्वीकृत पद संख्या | पदस्थ |
|---|---|---|
| संकाय सदस्य | 28 | 25+2* |
| गैर-संकाय सदस्य पदाधिकारी | 67 | 44+1** |

टिप्पणी: * 2 संकाय सदस्य अटैचमेंट आधार पर हैं।
** 1 पदाधिकारी अटैचमेंट आधार पर है।

संलग्नक-ख

**पिछले 5 वित्तीय वर्षों के लिए आईएसटीएम में बजट आबंटन और उपयोग का विवरण निम्नानुसार है: -**

| राशि रुपये में (करोड़ में) | | |
|---|---|---|
| वर्ष | बजट आबंटन | बजट का उपयोग |
| 2019-20 | 32.38 | 25.92 |
| 2020-21 | 33.38 | 27.97 |
| 2021-22 | 54.79 | 41.15 |
| 2022-23 | 37.20 | 24.31 |
| 2023-24 | 33.59 | 25.52 |